# भक्ति की धारा गुरुवर बहाते

भक्ति की धारा गुरुवर बहाते
गंगा सा पावन दिल को बनाते
मेरी भी विनती सुनो गुरुदेवा
चरणों में रखना मेरे गुरुदेवा
भक्ति बढ़ाओ गुरुदेव
मेरी प्रीति बढ़ाओ गुरुदेव

गंगा सा पावन दिल को बनाते

१) तुम साथ हो तो डर हमको कैसा
तुम जो कहो अब करें हम तो वैसा
अपना बनाओ गुरुदेव
दिल में बस जाओ गुरुदेव

गंगा सा पावन दिल को बनाते

२) तीरथ वहीं जहाँ तेरे कदम हैं
तुम हो हमारे ये कृपा क्या कम है
सपनों में आओ गुरुदेव
दरस दिखाओ गुरुदेव

भक्ति की धारा गुरुवर बहाते

३) हम तो थे नश्वर की प्राप्ति में फूले
छूटेगा सबकुछ हम ये तो थे भूले
सत्य बताओ गुरुदेव
मेरी भ्रांति मिटाओ गुरुदेव

गंगा सा पावन दिल को बनाते

४) नाम ये तेरा हमारी है ताकत
कट जाते दुख सारे टल जाए आफत
ध्यान में डुबाओ गुरुदेव
अनहद सुनाओ गुरुदेव

गंगा सा पावन दिल को बनाते

५) किसमें भला है पता ना है हमको
सौंप दी है डोरी अब हमने ये तुमको
हमको बचाओ गुरुदेव
पार लगाओ गुरुदेव

भक्ति की धारा गुरुवर बहाते
गंगा सा पावन दिल को बनाते